आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हासिल करने का एकमात्र माध्यम शिक्षा है।
- देश में मौखिक स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरूआत की।
- अखिल भारतीय अंतर साई रोइंग चैम्पियनशिप में श्री विजयपुरम की रोइंग टीम ने लड़कों के सब–जूनियर क्वड्रीपल स्कल के एक हजार मीटर की श्रेणी में कांस्य पदक जीता।
- मध्योत्तर अण्डमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><>

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। आज से ठीक सतहत्तर साल पहले दिवाली का दिन था, जब महात्मा गांधी को बंटवारे के बाद विस्थापित हुए लोगों से मिलने कुरुक्षेत्र जाना था और वो किसी कारणवश नहीं जा सके। राष्ट्रपिता ने तय किया कि वे रेडियो के माध्यम से इन विस्थापितों को अपना संदेश देंगे। फिर उसी दिन गांधीजी का पहला और अंतिम जीवंत रेडियो प्रसारण आकाशवाणी दिल्ली के स्टूडियो से हुआ। मेरे दुखी भाईयों और बहनों कहते हुए महात्मा गांधी ने अपना संबोधन शुरू किया। बापू रेडियो को एक दिव्य शक्ति के रूप में देखते थे।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हासिल करने का एकमात्र माध्यम शिक्षा है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने शिक्षा क्षेत्र के पाँच प्रमुख पहलुओं के सुधार पर बल दिया। श्री प्रधान ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों से अपने

राज्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया और प्रत्येक राज्य की विशेष आवश्यकताओं के आधार पर पाठ्यक्रम बनाने का सुझाव दिया।

<><><><><><><>

देश में मौखिक स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने के लिए, सरकार ने मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में एकीकृत, व्यापक मौखिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरूआत की। इसका उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य में सुधार करना, मौखिक रोगों से होने वाली बीमारी को कम करना, मौखिक स्वास्थ्य संवर्धन और निवारक सेवाओं को सामान्य स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के साथ एकीकृत करना है। इस संदर्भ में, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओरलकच्छा में दंत चिकित्सा जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्नीस छात्रों में मादक द्रव्यों के सेवन की आदत पाई गई। मरीजों और छात्रों को मौखिक स्वच्छता बनाए रखने और मादक द्रव्यों के सेवन के मामलों वाले छात्रों को परामर्श दिया गया। प्राथमिक कक्षा के छात्रों को टूथपेस्ट के साथ ब्रश वितरित किए गए। हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराटांग में करीब तिरानब्बे मरीजों की जांच की गई। मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए दंत सर्जन डॉ. संजीव जयचंद और डॉ. फरहीन कामिल ने विशेष रूप से जानकारी प्रदान की। जांच के दौरान दो सौ पचास से अधिक बच्चों की मौखिक जांच की गई। इनमें से अट्ठारह छात्रों को आगे के इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराटांग भेजा गया।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्री विजयपुरम इकाई ने हाल ही में रामकृष्ण मिशन, में अध्ययन मंडल "ज्ञानम" का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के सचिव मुख्य अतिथि स्वामी ओमकारात्मानंद महाराज ने स्वामी विवेकानंद के शिक्षा संबंधी विचार विषय पर आयोजित अध्ययन मंडल को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान सत्र से हुई। अध्ययन मंडली, "ज्ञानम" स्वामी विवेकानंद के शिक्षा पर परिवर्तनकारी विचारों पर केंद्रित थी, जिसमें चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए तैयार करना होना चाहिए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख डॉ. कंडीमुथु और दक्षिण बंगाल राज्य उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार झा के साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के संयुक्त सचिव कुणाल बैन द्वारा किया गया।

<><><><><><><>

केरल के अल्लेप्पी में चल रहे अखिल भारतीय अंतर साई रोइंग चैम्पियनशिप में श्री विजयपुरम के साई की रोइंग टीम ने कल लड़कों के सब–जूनियर क्वड्रीपल स्कल के एक हजार मीटर की श्रेणी में कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने इस प्रतिस्पर्धा को तीन मिनट चालीस सेकेंड की अवधि में पूरा किया।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दो हजार चौबीस के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए हर साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इनमें "अर्जुन पुरस्कार" खिलाड़ी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। "अर्जुन पुरस्कार (आजीवन)" खेल विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है। "द्रोणाचार्य पुरस्कार" प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक विजेता तैयार करने वाले कोचों को दिया जाता है। "राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार" किसी भी कॉर्पोरेट इकाई, सार्वजनिक या निजी और गैर सरकारी संगठनों को दिया जाता है, जिसने खेल संवर्धन और विकास के किसी एक या एक से अधिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई हो। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को चौदह नवंबर तक खुद को पंजीकृत करके ऑनलाइन पोर्टल **dbtyas-sports.gov.in** पर आवेदन जमा करना होगा। पुरस्कारों के लिए दिशा–निर्देश पोर्टल में "नॉलेज हब टैब" के अंतर्गत डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए कब्बडी नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक खेल इरशाद अहमद मुख्य अतिथि और खेल विभाग के सहायक निदेशक, खेल बिश्वनाथ सेन सम्माननीय अतिथि थे। बॉयस स्कूल और जी डी एम एस स्कूल मैदान में आज लड़कों के कुल आठ और लड़कियों के सात मैच खेले गए।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–टी एम जे विकार–कारण, लक्षण और उपचार। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. प्रतिक्षा मल्होत्रा श्रोताओं से संवाद करेंगी। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत आज ढाई हेक्टेयर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। डिगलीपुर तहसील के किशोरीनगर गांव में अतिक्रमणकारियों द्वारा उगाए गए सुपारी, नारियल, केले और सब्जी के बगीचे को हटाया गया। ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह किया है कि वे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें।

<><><><><><><>

कैम्पबेल–बे के स्कूली विद्यार्थियों के लिए ई. एन. टी. जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जी. बी. पन्त के डॉ. सत्येन अरूण मारण और डॉ. सुप्रीत कुमार माहर ने स्कूली विद्यार्थियों की चिकित्सीय जांच की और उनमें दवाईयों का वितरण किया।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत कन्यापुरम की ग्राम सभा की बैठक कल सुबह दस बजे मॉडल विलेज के सामुदायिक हॉल में होगी। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से इसमें शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उन्नीस दशमलव छः मिलीमीटर, निकोबार में पन्द्रह, हटबे में चार दशमलव छः, श्री विजयपुरम में चार दशमलव चार और ननकौड़ी में तीन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>